



## एक नजर में

### बच्चों की जान बचाने के लिए कंचन मेघवाल ने अदम्य साहस दिखाते हुए दिया बलिदान, शासन दे वीरता पुरस्कार : बंशीलाल टांक

**मंदसौर।** नीमच जिले के जावद तहसील के ग्राम रानापुर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 'जय माता दी स्व-सहायता समूह' की अध्यक्ष कंचन मेघवाल ने अपने प्राणों की आहुति देकर मानवता की एक बेमिसाल इबारत लिखी है। आंगनवाड़ी के मासूम बच्चों को मधुमक्खियों के जानलेवा हमले से बचाने के लिए उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए खुद को न्योछावर कर दिया। हजारों डंक सहे, पर बच्चों को आंच नहीं आने दी। सामाजिक कार्यकर्ता एवं योग गुरु बंशीलाल टांक ने बताया कि घटना के अनुसार, जब मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक आंगनवाड़ी पर हमला किया, तब वहां करीब 20 बच्चे मौजूद थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कंचन मेघवाल ने तुरंत अदम्य साहस का परिचय दिया। उन्होंने बच्चों को आनन-फानन में तिरपाल और दरी में लपेटा और सुरक्षित कमरे में बंद कर दिया। इस संघर्ष के दौरान हजारों मधुमक्खियों ने कंचन को बुरी तरह डंक मार दिया, जिसके कारण वह स्वयं को नहीं बचा सकीं और बच्चों की जान बचाते हुए वीरगति को प्राप्त हुईं। टांक ने इस शहादत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन से विशेष माँग की है की कंचन मेघवाल का यह कृत्य केवल कर्तव्य का पालन नहीं, बल्कि अदम्य साहस और शहादत है। उन्होंने अपनी जान देकर 20 घरों के चिरागों को बुझने से बचाया है। माननीय प्रधानमंत्री व माननीय मुख्यमंत्री से माँग है कि कंचन मेघवाल मरणोपरांत 'शहीद' का दर्जा दिया जाए और वीरता के लिए अर्जुन पुरस्कार अथवा समकक्ष राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार से नवाजा जाए।

### माहेश्वरी महिला मण्डल के नवीन कार्यकारिणी घोषित







**मंदसौर।** माहेश्वरी महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई है। मंडल की निवृत्तमान अध्यक्ष मंजू जाखेटिया ने नवीन अध्यक्ष सोनल चौधरी को दायित्व सौंप दिया हैं। बैठक में सचिव पद पर राखी परवाल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में शिखा चिचानी को नियुक्त किया गया। नवीन कार्यसमिति में उपाध्यक्ष संगीता मंडोवरा एवं संध्या काबरा, सह-सचिव शीला छापरवाल एवं टीना मुंदडा को मनोनीत किया हैं। वही परामर्शदाता के रूप में राज चिचानी एवं सुरेखा झवर, संरक्षक पद पर इंद्रा झंवर, भावना सोमानी एवं सुनीता बाहेती को मनोनीत किया हैं। साथ ही महिला मण्डल में विभिन्न समितियों का भी गठन किया गया हैं। प्रचार-प्रसार समिति में सीमा छापरवाल, सीमा चिचानी, सीमा सुनील छापरवाल एवं संगीता खजाँची को शामिल किया गया है। सांस्कृतिक समिति में रितिका काबरा, निकिता भदादा एवं नमिता मंत्री को, टेक्नोलॉजी समिति में साक्षी सोमानी, मीतिका हेडा, सपना बांगड़ व अलका दूरग को, खेल समिति में मेघना झंवर, शिखा मंत्री, वंदना मालपानी एवं शिल्पा काबरा को, करुणा सेवा समिति में आभा मालपानी, मधु धूत, लाड कुंवर मालू एवं गायत्री राठी को शामिल किया गया है। इसी प्रकार चाक-चंवरी समिति में अंजना मालू को, तीज-त्योहार समिति में जया सोमानी, अंजना मालू, मीनल मंडोवरा एवं आभा सोमानी को, स्वागत समिति में विनिता सोमानी, कल्पना समदानी, जयमाला परवाल एवं अनुषा परवाल को, पर्यटन समिति में रेणु गगरानी, नीतू आगार, राधिका जाखेटिया एवं प्रीति डागा को तथा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समिति में आशा काबरा, तारा कासट, सुनिता सोमानी एवं राखी मंडोवरा को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मंदसौर के मेहनतकश करेंगे 12 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल

**मन्दसौर। सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स सीटू के जिला महासचिव बालू सिंह ने बताया कि सीटू सहित 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन के राष्ट्रव्यापी आवाहन पर मंदसौर के मेहनतकश भी 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सम्मिलित होंगे।**





उन्होंने कहा कि चार श्रम संहिता निरस्त करने, ठेका, आउटसोर्स, संविदा, अंशकालिक, दैनिक वेतन भोगी, विनियमित, सफाई कर्मचारी, योजना कर्मी ग्राम पंचायत नल चालक भृत्य चौकीदार, अतिथि शिक्षक, बैंक मित्र सहित समस्त अस्थाई श्रेणी के कर्मियों को नियमित करने की तथा, सामाजिक सुरक्षा दिए जाने और बैंक, बीमा बीएसएनल जैसे समस्त सार्वजनिक क्षेत्र के अंधाधुंध निजीकरण को रोकने, महंगाई पर रोक लगाने, नए बिजली कानून और स्मार्ट मीटर को निरस्त करने तथा किसानों को एसपी देने संबंधी 20 सूत्रीय मांगों को लेकर हो रही इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल में मंदसौर के विभिन्न शासकीय अर्धशासकीय, मंडल, बोर्ड तथा विभिन्न कार्योंलयों व निजी क्षेत्र और कारखाने में कार्य करने वाले इस हड़ताल में शामिल होंगे।

इन स्थानों पर कार्य करने वाले साथियों की रविवार शाम को हुई मीटिंग में यह निर्णय लिया गया। मीटिंग को सीटू के प्रदेश सचिव व मुख्य वक्ता शैलेंद्र सिंह ठाकुर सहित राजेंद्र तिवारी, सोनू यादव, संगीता जैन, माधुरी सोलंकी, दिनेश चंदवानी, भागीरथ तरेड, फकीरचंद गुर्जर, संतोष गोसर, हेमा कंडारे, रमेश चंद्र जैन सहित कई वरिष्ठ साथियों ने संबोधित किया। मीटिंग में हुरबानों सैफी, महेश केसरपुरिया, जितेंद्र गुर्जर, अजय ऊंटवाल, रंजीत कुमार, मनोहर पथरोड, राजेंद्र परमार, समीर खान, मुनव्वर खान, सुनील शर्मा, जितेंद्र परमार, भारत कुमार, अमित राठौर इत्यादि उपस्थित थे। मीटिंग में तय किया गया कि 12 फरवरी को मंदसौर के सभी साथी दिन के ठीक 12 बजे महाराणा प्रताप बस स्टैंड पर एकत्रित होंगे जहां से रैली बनाकर गांधी चौराहा आएंगे और वहां स्थानीय प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन रोकेंगे। सभी ट्रेड यूनियन और कर्मचारी संगठनों के साथियों ने मंदसौर के सभी मेहनत श्रमिक कर्मचारी किसानों से अपील की है कि 12 तारीख को कोई भी अपने अपने कार्य पर नहीं जाए और इस हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर हड़ताल को सफल बनाएं।



## श्री पशुपतिनाथ पोरवाल कपल सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**मंदसौर। स्थानीय पोरवाल समाज की सक्रिय संस्था श्री पशुपतिनाथ पोरवाल कपल सोशल ग्रुप, मंदसौर का भव्य शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की नई कार्यकारिणी ने अपने पद और गोपनीयता की शपथ ली और समाज सेवा का संकल्प दोहराया।**

समारोह में मुख्य रूप से अध्यक्ष अर्चना प्रदीप घाटिया, सचिव श्रीमती रचना पंकज पोरवाल, कोषाध्यक्ष रमा अनिल चौधरी सहित कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की। शपथ विधि अधिकारी सीए राजेश मंडवारिया द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को निष्ठापूर्वक कार्य करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भक्तिमय वातावरण में हुई। संगीता मोदी और श्रीमती प्रीति रत्नावत ने सुमधुर स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात पल्लवी मेहता, अर्चना सेठिया और अर्चना घाटिया ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम का मंगल शुभारंभ किया। अतिथियों के सम्मान में समृद्धि घाटिया और उन्नति चौधरी ने मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

समारोह में अतिथि के रूप में पोरवाल चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष जगदीश चौधरी, समाज के वरिष्ठ रामगोपाल घाटिया एवं गोविन्द मुजावदिया उपस्थित रहे। इस अवसर पर पोरवाल महासंघ महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय संयोजक ललिता गुप्ता का विशेष स्वागत किया गया।

**एक नजर** — श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक एवं धार्मिक लोक न्यास 15 को करेगा भव्य आयोजन

## महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में बंटेगी फरियाली खिचड़ी, आकाश में जगमगाएंगे स्काय लालटेन

**मंदसौर। श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक एवं धार्मिक लोक न्यास द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर न्यास के सदस्यों ने पशुपतिनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है।**

संस्था ने बताया कि आगामी 15 फरवरी, रविवार को भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। प्रात: 11 बजे भगवान की राजभोग आरती और दर्शन के पश्चात, न्यास द्वारा भगवान पशुपतिनाथ को फरियाली खिचड़ी का नैवेद्य अर्पित किया जाएगां। इसके तुरंत बाद मंदिर परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और शिवभक्तों के लिए प्रसाद वितरण का शुभारंभ होगा।

इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य और प्रकाशमय बनाने के लिए न्यास द्वारा विशेष पहल की जा रही है। संध्या 7 बजे से मंदिर क्षेत्र के आकाश में स्काय लालटेन उड़ाए जाएंगे। सैकड़ों की संख्या में हवा में तैरते ये दीपक पूरे मंदिर क्षेत्र को अलौकिक आभा प्रदान करेंगे, जो भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

न्यास का उद्देश्य धर्म और सेवा के माध्यम से भक्तों को जोड़ना है। खिचड़ी वितरण के साथ-साथ इस बार आकाश दीपों का यह दृश्य अत्यंत मनमोहक होगा। श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक एवं धार्मिक लोक न्यास ने समस्त धर्मप्रेमी जनता और शिवभक्तों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पहुँचकर दर्शन का लाभ लें, फरियाली खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें और शाम को होने वाले आकर्षक स्काय लालटेन उत्सव का आनंद लें।



# नीमच

## एक नजर में

### ज्ञानोदय इंटरनेशनल में 12वीं के छात्रों का भव्य विदाई समारोह





**नीमच।** ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल में सत्र 2025-26 के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य, भावनात्मक और प्रेरणादायक विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया।। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ इस समारोह आयोजित किया। इस यादगार अवसर पर प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही, जिसमें ज्ञानोदय इंटरनेशनल स्कूल की निर्देशिका डॉ. गरिमा चौरसिया और प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद सरस्वती पूजन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मकता का संचार हुआ। विदाई समारोह का आयोजन कक्षा 11वी के विद्यार्थियों द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने वरिष्ठ साथियों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय परिसर में उत्साह, संगीत और उमंग का माहौल बना रहा। कक्षा 11 वी के छात्रों ने कक्षा 12वी को समर्पित विशेष विदाई थीम डांस प्रस्तुत किया। समूह नृत्य और युगल नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं संगीत शिक्षक द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण गीत ने पूरे सभागार को भावुक कर दिया। विदाई समारोह का सबसे आकर्षक भाग रहा रैंप वॉक, जिसमें कक्षा 12वीं के छात्रों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। समारोह के दौरान कक्षा 12 वी के सभी विद्यार्थियों को स्नेह और सम्मान के प्रतीक स्वरूप आकर्षक उपहार भेंट किए गए। यह उपहार उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं का संदेश थे। इस दौरान विद्यार्थियों ने मंच पर अपना परिचय दिया और अपने अनुभवों को साझा किया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में स्कूल की निर्देशिका डॉ. गरिमा चौरसिया ने कहा विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और निरंतर सीखने का महत्व बताया तथा जीवन में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यार्थी जीवन वह स्वर्णिम अवसर है जो जीवन में एक बार ही प्राप्त होता है, वह वापस कभी लौटकर नहीं आता। अत: विद्यार्थी जीवन का सदुपयोग कर विद्यार्जन में जुट जाएं। विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सुशील कुमार ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा में उत्तम अंकों के साथ उत्तीर्ण होने की शुभकामनाएं दी और कहा कि आपकी विदाई हमारे लिए भावुक करने वाला पल है।

### जीबीएस से जूझ रहे धैर्य के लिए समाज बना सहारा, मदद के लिए स्कैनर जारी

**नीमच / मनासा।** मनासा नगर के 17 वर्षीय धैर्य शर्मा, जो जीबीएस जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष कर रहे हैं, उनके इलाज के लिए अब समाज के हर वर्ग से मदद के हाथ आगे बढ़ने लगे हैं। जयपुर (राजस्थान) के गीतांजलि अस्पताल में पिछले 35 दिनों से आईसीयू में भर्ती धैर्य की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। चिकित्सकों के अनुसार उन्हें अभी करीब एक माह तक आईसीयू में ही रखना पड़ेगा, जिससे इलाज का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। धैर्य के पिता धर्मेंद्र शर्मा, जो मनासा के शासकीय चिकित्सालय में रेडियोग्राफर के पद पर कार्यरत हैं, ने बताया कि जीबीएस की गंभीरता के चलते धैर्य की ट्रेकियोस्टॉमी करनी पड़ी है। वर्तमान में वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है और प्रतिदिन 20 से 25 हजार रुपये तक का खर्च आ रहा है। इतने लंबे इलाज के कारण परिवार आर्थिक और मानसिक रूप से बेहद परेशान है। इस कठिन समय में मनासा नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के सामाजिक संगठनों, दानदाताओं और शुभचिंतकों ने संवेदनशीलता दिखाते हुए मदद की पहल शुरू कर दी है। धैर्य के इलाज के लिए आर्थिक सहयोग जुटाने हेतु परिजनों ने स्कैनर (क्यूआर कोड) भी जारी किया है, ताकि इच्छुक लोग सीधे सहायता राशि भेज सकें।

## पीजी कॉलेज नीमच में केंद्रीय बजट 2026 पर युवा संवाद

▸ विकास, शिक्षा और युवाओं के अवसरों पर मंथन

**नीमच। स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज), नीमच में सोमवार को केंद्रीय बजट 2026 को लेकर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बजट के प्रमुख प्रावधानों, विकास की दिशा और युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों से अवगत कराना रहा।**





इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, कर विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने बजट के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। मुख्य वक्ता विधायक दिलीप सिंह परिहार ने केंद्रीय बजट 2026 को विकासोन्मुख बताते हुए कहा कि यह बजट शिक्षा, रोजगार, आधारभूत संरचना और युवाओं के कौशल विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम करना है। भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल ने बजट के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बजट में समाज के सभी वर्गों के संतुलित विकास का प्रयास किया गया है, जिससे आर्थिक मजबूती के साथ-साथ सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा।

भाजपा उपाध्यक्ष एवं कर सलाहकार निलेश पाटीदार ने सरल उदाहरणों के माध्यम से बजट में शामिल कर प्रावधानों और आर्थिक नीतियों को समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को कर प्रणाली की बुनियादी जानकारी देते हुए इसके व्यावहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रभावती भावसार ने शिक्षा क्षेत्र से जुड़े बजटीय प्रावधानों को रेखांकित करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा, शोध और कौशल विकास के लिए किए गए प्रावधान विद्यार्थियों के भविष्य को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम में प्रोफेसर आर.सी. जैन एवं डॉ. संजय जोशी ने बजट की बारीकियों का विश्लेषण करते हुए विद्यार्थियों को उपयोगी और व्यावहारिक जानकारी दी। स्वागत भाषण विश्व देव शर्मा ने दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सी.पी. पंवार ने किया। कार्यक्रम के अंत में एनसीसी सीनियर अंडर ऑफिसर पूजा प्रजापत को मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रशंसा पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि पूजा प्रजापत ने हाल ही में गणतंत्र दिवस समारोह में दिल्ली के राजपथ पर गार्ड ऑफ ऑनर में शामिल होकर जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष दारा सिंह यादव, मोहन राणावत, महाविद्यालय स्टाफ, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## पटवारी संघ का फूटा गुस्सा : लंबित मांगों को लेकर शासन को चेतावनी, आंदोलन के संकेत


**नीमच।** मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने पटवारियों से जुड़ी लंबे समय से लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर शासन के खिलाफ आवाज बुलंद कर दी है। संघ की ओर से प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, वल्लभ भवन भोपाल एवं आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन ग्वालियर के नाम एक विस्तृत ज्ञापन कलेक्टर प्रतिनिधि को सौंपा गया।

ज्ञापन में स्पष्ट किया गया है कि यदि समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ तो पटवारी संघ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। संघ ने ज्ञापन में बताया कि प्रदेशभर में पदस्थ पटवारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर कई प्रशासनिक और तकनीकी समस्याएं उनके काम को बेहद कठिन बना रही हैं। इनमें सबसे बड़ी समस्या जियोटैग गिरदावरी को लेकर सामने आ रही है। शासन द्वारा बीते तीन वर्षों से सर्वेयरों के माध्यम से गिरदावरी कराए जाने का प्रावधान है, लेकिन मानदेय का भुगतान नहीं होने से सर्वेयर कार्य नहीं कर रहे। इसका पूरा भार अब पटवारियों पर डाल दिया गया है, जिन्हें 5 से 10 हजार खसरों की जियोटैग गिरदावरी करनी पड़ रही है, जो व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है। संघ ने पटवारी आईडी से खसरा आधारित जियोटैग हटाकर ग्राम स्तर पर गिरदावरी कराने की मांग की है। फार्मर आईडी को लेकर भी संघ ने गंभीर आपत्तियां जताईं। बताया गया कि यह कार्य सीएससी सेंटर और एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भुगतान के आधार पर कराया जा रहा है, फिर भी पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

**एक नजर** — हाईकोर्ट सख्त – तीन माह में इनके खिलाफ कार्रवाई अन्यथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच एवं मेडिकल कौंसिल पर होगा अवमानना का केस

## डॉक्टर अभिलेख त्रिपाठी एवं अन्य को बगैर रजिस्ट्रेशन प्रेक्टिस करने पर मेडिकल काउंसिल मप्र ने दिया नोटिस

**नीमच।** नीमच में विगत कुछ वर्षों से मध्य प्रदेश में पंजीयन कराऐ बगैर दुसरे राज्य के डॉक्टर्स गैर कानूनी रूप से अवैध प्रेक्टिस कर रहे थे। यह डॉक्टर्स अनैतिक एवं गैर कानूनी रूप से स्थानीय समाचार पत्रों में बड़े बड़े विज्ञापन देकर नीमच की जनता को गुमराह कर रहे हैं थे। ओर अभी भी कर रहे हैं और मरीजों को नुकसान भी पहुंचा रहे थे।





ऐसे ही एक केस में बगैर ऑपरेशन करें डॉक्टर अभिलेख त्रिपाठी का केस संज्ञान में आया था। जिसमें मरीज को तकलीफ़ बनी रहने पर अहमदाबाद जाने पर मालुम पड़ा की उसका ऑपरेशन नहीं हुआ है। एवं वहां पर अहमदाबाद में ऑपरेशन हुआ। मरीज ने वहां से आने के बाद नीमच में डॉक्टर अभिलेख त्रिपाठी एवं अन्य की मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच, कलेक्टर नीमच जिला नीमच एवं मध्य प्रदेश मेडिकल कौंसिल भोपाल से शिकायत की पर इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

मरीज ने परेशान होकर माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश में केस दर्ज किया।

माननीय उच्च न्यायालय मध्य प्रदेश ने आदेश को पारित करते हुए मध्य प्रदेश शासन को, आयुक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजिस्ट्रार मध्य प्रदेश मेडिकल कौंसिल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नीमच को इन चिकित्सकों एवं अस्पतालो के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही करने के लिए चार माह का समय दिया लेकिन मध्य प्रदेश मेडिकल कौंसिल ने इनको नोटिस देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली।

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने पर शिकायत कर्ता को पुन: माननीय उच्च न्यायालय में जाना पड़ा।

जिस पर पुन: माननीय उच्च न्यायालय ने सख्त टिप्पणी करते हुए दिनांक 16/01/2026 को माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना पर आदेश देते हुए मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयुक्त स्वास्थ्य विभाग, रजिस्ट्रार मध्य प्रदेश मेडिकल कौंसिल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नीमच को आदेशित किया है कि तीन माह में डॉक्टर अभिलेख त्रिपाठी एवं अन्य सभी दुसरे राज्य के डॉक्टर्स जिनका मध्य प्रदेश मेडिकल कौंसिल में पंजीयन नहीं है और स्थानीय समाचार पत्रों में अनैतिक एवं गैर कानूनी विज्ञापन देकर नीमच की जनता को भ्रमित कर रहे हैं तथा ऐसे सभी डाक्टरों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करें अन्यथा इनके विरुद्ध माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना के दोषी होंगे।